

# अध्याय 19 आँकड़े और चित्रालेख


**अधिगम बिन्दु**

- आँकड़े जोड़ना।
- आँकड़ों को सूचीबद्ध व्यवस्थित रखना (टेलीमार्क)
- पिक्टोग्राफ बनाना (दो चीजों का)

कक्षा अध्यापक कक्षा 4 के बच्चों से उनकी पसंद का खेल जानना चाहते हैं इसलिए वो बच्चों को खेल मैदान में ले गये। वहाँ बच्चे क्रिकेट, फुटबाल, खो–खो सहित विभिन्न खेल खेल रहे थे।












अब पता लगाओ कि कितने बच्चों ने कौन–कौन से खेल पसंद किए। अपनी कॉपी में तालिका बना कर लिखो।

| **खेल का नाम** | **कितने बच्चों ने पसंद किया** |
|---|---|
| फुटबाल | |
| क्रिकेट | |
| खो–खो | |
| दौड़ | |

**ये भी लिखें** –

1. बच्चों ने किस खेल को सबसे अधिक पसंद किया ?
2. बच्चों ने किस खेल को सबसे कम पसंद किया ?
3. कितने बच्चों ने क्रिकेट खेल को पसंद किया ?
4. दौड़ तथा खो–खो दोनों खेल को कुल कितने बच्चों ने पसंद किया ?

विशाल और उसके दोस्त एक शादी की पार्टी में मिले और सब अपनी पसंद की खाने की चीजें ढूँढ़ने लगे। तुम्हारे दोस्तों को सबसे ज्यादा क्या पसंद है। पता लगाओ।

| **पसंद की गई चीज** | **चित्र** | **टेली चिह्न** | **संख्या** |
|---|---|---|---|
| गुलाब जामुन |  | 𝍸 \|\|\| | 8 |
| गरमा गरम समोसे |  | 𝍸 | |
| गोल मटोल लड्डू |  | \|\|\| | |
| गरम–गरम जलेबी |  | 𝍸 \|\|\|\| | |
| रस भरे रसगुल्ले |  | \|\|\|\| | |
| ठंडी–ठंडी आइसक्रीम |  | 𝍸 𝍸 \|\|\| | |

बच्चों को कहा जाए कि अपनी पसंद का कोई उपयुक्त चिह्न (जैसे गोला, लकीर आदि) चुनकर उसका प्रयोग करें।

टेलीचिह्न के रूप में हम एक बच्चे की पसंद को एक लकीर खींचते है जैसे – एक के लिए ( |) और दो के लिए ( | |) और पाँच बच्चों की संख्या को इस प्रकार व्यक्त करते हैं ( 卌) इस प्रकार टेली चिह्न का प्रयोग करते हैं।

**अब बताओ** –

1. गुलाब जामुन कितने बच्चों ने पसंद किए ?
2. कौनसी चीज सबसे ज्यादा बच्चों ने पसंद की ?
3. कौनसी चीज सबसे कम बच्चों ने पसंद की ?
4. क्या आइसक्रीम सबसे ज्यादा बच्चों ने पसंद की ?

## अभ्यास




बच्चों के मनपसंद जानवरों के आँकड़े एकत्र करवाएँ। तालिका में जमा कर निम्नलिखित का विश्लेषण करवाएँ।

1. कौनसे जानवर को सबसे ज्यादा बच्चे पसंद करते हैं ?
2. गाय को कितने बच्चे पसंदीदा जानवर मानते हैं ?
3. कौनसे जानवर को बच्चे सबसे कम पसंद करते हैं ?

यह भी करे–

आपके गाँव में वाहन दुर्घटना के आँकडे एकत्र कीजिए ?



**चित्रालेख का अवलोकन कीजिए ☺ = एक बच्चा।**

| स्वादिष्ट फल | बच्चों ने पसंद किए ☺=1 |
|---|---|
| केला  | ☺ ☺ ☺ ☺ |
| अंगूर  | ☺ ☺ |
| सेव  | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |
| आम  | ☺ ☺ ☺ |

कक्षा – 4 के छात्रों द्वारा पसंद किए गए फल का चित्रालेख देखकर बताइए –

1. सबसे ज्यादा पसंद किया गया फल कौनसा है ?
2. कितने बच्चों ने आम को पसन्द किया ?
3. सबसे कम पसंद किया गया फल कौनसा है ?

**अभ्यास कार्य** – निम्न चित्रालेख का अवलोकन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ? ☺ = एक बच्चा।

| सब्जी | | बच्चो की पसंद की सब्जी |
|---|---|---|
| बैंगन |  | ☺ ☺ ☺ |
| टमाटर |  | ☺ ☺ ☺ ☺ |
| आलू |  | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |
| भिण्डी |  | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |

प्र. 1 कितने बच्चें द्वारा आलू की सब्जी पसंद की ?

प्र. 2 सबसे ज्यादा कौनसी सब्जी पसंद की ?

प्र. 3 सबसे कम कौनसी सब्जी पसंद की ?

## प्रश्नावली 19

प्र. 1 मोहन और सोहन द्वारा 10 बार सिक्का उछालने पर चित व पट आने की तालिका को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

| नाम | चित | पट |
|---|---|---|
| मोहन | 6 | 4 |
| सोहन | 3 | 7 |

(क) मोहन के कितनी बार चित आया ?

(ख) सोहन के कितनी बार पट आया ?

(ग) किसके सबसे ज्यादा पट आया ?

प्र. 2 ग्रीष्मकालीन अवकाश में कक्षा 4 के 20 बच्चों द्वारा टी0वी0 पर देखा जाने वाले पसन्दीदा प्रोग्राम की तालिका को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| **पसंदीदा टी.वी. कार्यक्रम** | **टेलीमार्क** |
|---|---|
| कार्टून | 卌 卌 \|\| |
| फिल्म | 卌 \|\|\| |

(क) कितने बच्चे कार्टून देखना पसंद करते हैं ?

(ख) कौनसा प्रोग्राम देखना कम पसंद करते हैं ?

प्र. 3 चित्रालेख देखकर उत्तर दीजिए ☺ = एक बच्चा।

| **पक्षी का नाम** | **बच्चो ने पसन्द किए** |
|---|---|
| चिड़िया  | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |
| मुर्गा  | ☺ ☺ ☺ ☺ |

(क) कितने बच्चों ने चिड़िया को पसंद किया ?

(ख) किस पक्षी को कम पसंद किया ?

प्र. 4 कक्षा के 12 बच्चों द्वारा प्रथम परख में प्राप्त अंको की टेली चिह्न सारणी बनाइए।

4,6,7,4,5,6,3,7,2,6,8,6

प्र. 5 पसंद के रंग के कपड़ों की सारणी देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| पसंद के रंग | लाल | सफेद | काला | नीला | पीला |
|---|---|---|---|---|---|
| बच्चो की संख्या | **7** | **5** | **3** | **6** | **2** |

(i) कितने बच्चों को सफेद व नीला रंग पसंद है ?

(ii) सबसे ज्यादा बच्चों को कौनसा रंग पसंद है ?

(iii) कौनसा रंग सबसे कम पसन्द है ?

प्र. 6 कक्षा 6 के 22 बच्चों के पसन्द के विषय की टेलीचिह्न की सारणी देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

| विषय | हिन्दी | गणित | अंग्रेजी | सामाजिक विज्ञान | संस्कृत | सामान्य ज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टेलीमार्क | I I I | ~~I I I I~~ I I | I I I I | I I I | I I | I I I I |

(i) किस विषय को बच्चों ने सबसे अधिक पसंद किया ?

(ii) किन विषयों को बच्चों ने समान रूप से पसंद किया ?

———————